भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-200
सोमवार, 14 सितम्बर, 2020/23 भाद्रपद, 1942 (शक)

नेशनल कैरियर सर्विस

200. श्री रेबती त्रिपुराः
श्री गजानन कीर्तिकरः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में महाराष्ट्र और त्रिपुरा के विशेष संदर्भ सहित देश में राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) के तहत पंजीकृत उम्मीदवारों की संख्या कितनी है;
(ख) पिछले तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान नौकरी मांगने वाले जिन्हें राष्ट्रीय कैरियर सेवा पोर्टल के माध्यम से रोजगार प्राप्त हुए हैं, की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है;
(ग) इस पोर्टल के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र में नौकरी प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है;
(घ) मंत्रालय द्वारा आयोजित नौकरी मेलों (जॉब फेयर) के माध्यम से नौकरी पाने वाले व्यक्तियों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कुल संख्या कितनी है;
(ङ) क्या मंत्रालय ने राष्ट्रीय कैरियर सेवा के माध्यम से निःशुल्क ऑनलाइन कैरियर कौशल प्रशिक्षण की पेशकश करने के लिए टीसीएस आईओएन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सक्रिय लाभार्थियों की राज्य-वार संख्या कितनी है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ग): इस समय, राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल पर पंजीकृत सक्रिय रोजगार चाहने वालों की कुल संख्या 1.03 करोड़ है, जिसमें से 13.34 लाख रोजगार-चाहने वाले महाराष्ट्र से तथा 1.99 लाख रोजगार-चाहने वाले त्रिपुरा से हैं। अंतिम हायरिंग आंकड़ों को अधिसूचित करना एनसीएस पोर्टल पर अनिवार्य आवश्यकता नहीं है। तथापि, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की रिक्तियों सहित 9 सितम्बर, 2020 तक एनसीएस पोर्टल पर कुल 77.56 लाख रिक्तियां जुटाई गई हैं।

(घ): मंत्रालय द्वारा आयोजित रोजगार मेलों के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या अनुबंध में दी गई है। (अनुबंध-I)

(ङ) एवं (च): रोजगार चाहने वालों को लागत मुक्त करियर कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से मंत्रालय ने टीसीएस-आईओएन के साथ समझौता-ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। लाभार्थियों की राज्य-वार सूची अनुबंध में दी गई है। (अनुबंध-II)

*****

अनुबंध-I

लोक सभा के दिनांक 14.09.2020 के अतारांकित प्रश्न संख्या 200 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

मंत्रालय द्वारा आयोजित रोजगार मेलों के माध्यम से रोजगार पाने वाले व्यक्तियों का ब्यौरा।

राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	अंतिम प्रस्ताव पत्र दिए गए अभ्यर्थियों की संख्या
अण्डमान और निकोबार	**369**
आंध्र प्रदेश	**3164**
असम	**2264**
बिहार	**3656**
छत्तीसगढ़	**4858**
दिल्ली	**355**
गोवा	**511**
गुजरात	**176910**
हरियाणा	**5640**
हिमाचल प्रदेश	**5828**
जम्मू और कश्मीर	**134**
झारखंड	**24870**
कर्नाटक	**6244**
केरल	**74**
मध्य प्रदेश	**28818**
महाराष्ट्र	**8706**
मणिपुर	**138**
नगालैंड	**12**
ओडिशा	**7094**
पुडुचेरी	**282**
पंजाब	**14547**
राजस्थान	**13116**
सिक्किम	**85**
तमिलनाडु	**38626**
तेलंगाना	**2720**
त्रिपुरा	**114**
उत्तर प्रदेश	**29909**
उत्तराखंड	**8360**
पश्चिम बंगाल	**322**
योग	**387726**

अनुबंध - II

लोक सभा के दिनांक 14.09.2020 के अतारांकित प्रश्न संख्या 200 के भाग (ङ) एवं (च) के उत्तर में संदर्भित विवरण

टीसीएस आईओएन द्वारा एनसीएस के माध्यम से पेश किए गए कैरियर कौशल प्रशिक्षण के लाभार्थियों का राज्य-वार ब्यौरा।

राज्य	अभ्यर्थियों की संख्या
अण्डमान और निकोबार	5
आंध्र प्रदेश	689
अरुणाचल प्रदेश	5
असम	234
बिहार	1534
चंडीगढ़	37
छत्तीसगढ़	195
दादरा और नगर हवेली	3
दमन और दीव	1
दिल्ली	920
गोवा	15
गुजरात	454
हरियाणा	427
हिमाचल प्रदेश	108
जम्मू और कश्मीर	70
झारखंड	397
कर्नाटक	485
केरल	393
लक्षद्वीप	1
मध्य प्रदेश	824
महाराष्ट्र	1695
मणिपुर	17
मेघालय	13
मिजोरम	2
नगालैंड	6
ओडिशा	457
पुडुचेरी	23
पंजाब	274
राजस्थान	698
सिक्किम	5
तमिलनाडु	837
तेलंगाना	631
त्रिपुरा	93
उत्तर प्रदेश	2228
उत्तराखंड	195
पश्चिम बंगाल	1789
राज्य निर्दिष्ट नहीं है	23
योग	15783